रा. रा. श्रीमान राजस्व मण्डल म.प्र. ग्वालियर के समक्ष

R 726-PBR-17

मेसर्स पेरेन्टल ड्रग इण्डिया लि.
तर्फे विनोद कुमार गुप्ता
पता – श्री गणेश चेम्बर नवलखा चौराहा, इन्दौर — प्रार्थी

विरूद्ध

म.प्र. राज्य शासन द्वारा नायब तहसीलदार महोदय
क्षेत्र खुडैल , कलेक्टर कार्यालय
मोती तबेला, इन्दौर — प्रतिप्रार्थी

निगरानी याचिका अन्तर्गत धारा 50 म.प्र. भू–राजस्व संहिता

विद्वान अधीनस्थ न्यायालय नायब तहसीलदार महोदय, इन्दौर द्वारा क्र. 175 / 2017 में जारी सूचनापत्र एवं पारित आदेश दिनांक 20.02.2017 से व्यथित होकर प्रार्थी अपनी निगरानी याचिका सादर प्रस्तुत करते है :–

राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर

अनुवृत्ति आदेश पृष्ठ

प्रकरण कमांक निगरानी 726–पीबीआर / 17 जिला इंदौर

स्थान तथा दिनांक	कार्यवाही तथा आदेश	पक्षकारों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर
1–3–2017	आवेदक के विद्वान अधिवक्ता द्वारा ग्राह्यता पर प्रस्तुत तर्को पर विचार किया गया । यह निगरानी नायब तहसीलदार द्वारा वसूली हेतु जारी सूचना पत्र दिनांक 20–2–17 के विरूद्ध प्रस्तुत की गई है और उक्त सूचना पत्र आवेदक की ओर से परिवर्तित भू–राजस्व जमा नहीं कराये जाने के कारण जारी किया गया है । आवेदक को तहसील न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर अपना उत्तर प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त है । अतः यह निगरानी प्रथमदृष्टया आधारहीन होने से अग्राह्य की जाती है । (मनोज गोयल) अध्यक्ष	